भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 283

(दिनांक 08.12.2022 को उत्तर के लिए)

केन्द्र सरकार और इसके पीएसयू में रिक्तियां

283. श्री राम नाथ ठाकुर :
श्री जावेद अली खान :
श्री मल्लिकार्जुन खरगे :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 1 दिसम्बर, 2022 की स्थिति के अनुसार केन्द्र सरकार और इसके पीएसयू में रिक्तियों का मंत्रालय/विभाग-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) 1 दिसम्बर, 2022 की स्थिति के अनुसार केन्द्र सरकार और इसके पीएसयू में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग आदि जैसी आरक्षित श्रेणियों में कुल रिक्तियों का मंत्रालय-वार/विभाग-वार/पीएसयू-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) चालू वर्ष के दौरान 1 दिसम्बर, 2022 तक विज्ञापित और भरी गई रिक्तियों का मंत्रालय-वार/विभाग-वार/पीएसयू-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) चालू वर्ष के दौरान 1 दिसम्बर, 2022 तक संविदा के आधार पर भरी गई रिक्तियों का मंत्रालय-वार/विभाग-वार/पीएसयू-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) : व्यय विभाग की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, दिनांक 01.03.2021 तक की स्थिति के अनुसार, केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के तहत रिक्तियों का विवरण **संलग्नक** में दिया गया है। केवल केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों के कर्मचारियों के संबंध में ही केन्द्रीय रूप से आंकड़ों का रख-रखाव किया जाता है।

(ख) : केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों में केवल बैकलॉग रिक्तियों के संबंध में ही आंकड़ों का रख-रखाव किया जाता है।

(ग) : प्रयोक्ता विभागों/संगठनों के द्वारा दी गई आवश्यकताओं के आधार पर रिक्तियों को विज्ञापित किया जाता है और भर्ती की जाती है। चालू वर्ष अर्थात अप्रैल, 2022 से आगे की अवधि के दौरान विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/पीएसयू/स्वायत्तशासी निकायों/बैंकों आदि द्वारा लगभग 1.47 लाख नए कर्मी भर्ती किए गए हैं।

(घ) : प्रत्येक मंत्रालय/विभाग द्वारा संविदा आधार पर नियुक्तियां पूरी तरह से उनकी आवश्यकता के अनुसार की जाती हैं और इस संबंध में आंकड़े, यदि कोई हों, तो यह उनके पास मौजूद रहते हैं।

संलग्नक

दिनांक 01.03.2021 तक की स्थिति के अनुसार सभी मंत्रालयों/विभागों में रिक्ति की स्थिति

क्र.सं.	मंत्रालय/विभाग	स्वीकृत संख्या	पदस्थ कर्मचारी	01.03.2021 तक की स्थिति के अनुसार रिक्त पद
1	कृषि अनुसंधान और शिक्षा	54	41	13
2	कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण	5755	3545	2210
3	मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी	3650	1808	1842
4	परमाणु ऊर्जा	38153	28693	9460
5	आयुष	367	249	118
6	जैव प्रौद्योगिकी	249	166	83
7	मंत्रिमण्डल सचिवालय	347	293	54
8	रसायन, पेट्रो रसायन और औषध	191	119	72
9	नागर विमानन	2289	1372	917
10	कोयला	433	263	170
11	वाणिज्य	5091	2506	2585
12	उपभोक्ता मामले	1283	742	541
13	कॉर्पोरेट कार्य	2664	1444	1220
14	संस्कृति	10583	6795	3788
15	रक्षा (सिविलियन)	646042	381336	264706
16	पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास	336	226	110
17	पेयजल और स्वच्छता	158	109	49
18	दिव्यांगजन सशक्तिकरण	149	87	62
19	पृथ्वी विज्ञान	7484	4441	3043
20	आर्थिक कार्य	1314	1008	306
21	पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन	4882	2580	2302
22	व्यय	1590	1126	464
23	विदेश	11807	9477	2330
24	उर्वरक	278	218	60
25	वित्तीय सेवाएं	1542	1203	339
26	खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण	1108	703	405
27	खाद्य प्रसंस्करण उद्योग	177	124	53
28	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण	24979	23210	1769
29	स्वास्थ्य अनुसंधान	42	25	17
30	भारी उद्योग	247	151	96
31	उच्च शिक्षा	1146	833	313
32	गृह मंत्रालय	1085728	942192	143536
33	भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग	69096	43162	25934
34	उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन	2570	2108	462
35	सूचना एवं प्रसारण	4782	2741	2041
36	इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी	6541	4973	1568
37	निवेश तथा सार्वजनिक परिसंपति प्रबंधन	81	67	14
38	श्रम और रोजगार	6488	4080	2408
39	भूमि संसाधन	129	72	57
40	विधि और न्याय	2592	1655	937
41	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम	452	381	71

42	**खान**	13919	6856	7063
43	**अल्पसंख्यक मामले**	277	156	121
44	**नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा**	309	217	92
45	**पंचायती राज**	128	72	56
46	**संसदीय कार्य**	150	121	29
47	**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन**	11113	8578	2535
48	**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस**	341	219	122
49	**फार्मास्यूटिकल**	98	62	36
50	**नीति आयोग**	733	500	233
51	**डाक**	267491	177441	90050
52	**विद्युत**	1767	977	790
53	**राष्ट्रपति सचिवालय**	380	289	91
54	**प्रधानमंत्री कार्यालय**	446	317	129
55	**सार्वजनिक उद्यम**	118	77	41
56	**रेलवे**	1514007	1220064	293943
57	**राजस्व**	179609	99366	80243
58	**सड़क परिवहन और राजमार्ग**	1005	718	287
59	**ग्रामीण विकास**	543	386	157
60	**स्कूली शिक्षा और साक्षरता**	442	279	163
61	**विज्ञान और प्रौद्योगिकी**	12442	3899	8543
62	**वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान**	116	70	46
63	**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग**	2570	1527	1043
64	**कौशल विकास और उद्यमिता**	1987	1289	698
65	**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता**	656	387	269
66	**अन्तरिक्ष**	18156	16050	2106
67	**सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन**	6155	3999	2156
68	**इस्पात**	274	217	57
69	**दूरसंचार**	3546	3379	167
70	**वस्त्र**	4739	4238	501
71	**पर्यटन**	568	424	144
72	**जनजातीय मामले**	320	173	147
73	**संघ लोक सेवा आयोग**	1797	1140	657
74	**आवासन और शहरी कार्य**	19455	16704	2751
75	**उपराष्ट्रपति सचिवालय**	62	54	8
76	**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण**	15499	8639	6860
77	**महिला एवं बाल विकास**	725	372	353
78	**युवा कार्यक्रम और खेल**	411	296	115
	कुल	**4035203**	**3055876**	**979327**

****